**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि 19 सितम्बर 2024** **समय 1810**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया।

  महिलाओं को प्रति माह 2100 रूपये और 500 रूपये में गैस सिलिंडर देने का वादा किया।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने राजनीतिक दलों से घोषणा पत्र जारी करने के तीन दिनों के भीतर उनके कार्यालय घोषणा पत्र की प्रतियां जमा करवाने का आग्रह किया।
- पंचकूला जिले में 147 बुजुर्गों एवं दिव्यांगों मतदाताओं ने घर से ही मतदान का विकल्प चुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में आयोजित **वर्ल्ड फूड इंडिया प्रदर्शनी** के अवसर पर एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में एक जीवंत और विविध खाद्य संस्कृति है। किसान देश के खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। सरकार किसानों की मदद के लिए नई नीतियां लेकर आ रही है। कृषि क्षेत्र के लिए आधुनिक पद्धतियों, सशक्त प्रशासनिक तंत्र और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के महत्व पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापक सुधार शुरू किए हैं। उन्होंने इस संबंध में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में **सौ प्रतिशत प्रत्यक्ष** विदेशी निवेश, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी पहलों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने **वर्ल्ड फूड इंडिया-2024** में कई देशों की भागीदारी पर कहा कि यह दुनिया के साथ काम करने का एक आदर्श मंच है। उन्होंने आशा

व्यक्त की कि इस मंच पर खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे व्यापक मुद्दों पर इसमें व्यापक चर्चा की जाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और भोजन की बर्बादी को कम करने जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी बातचीत होगी।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज रोहतक में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल , राव इंद्रजीत, कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली सहित कई वरिष्ठ बी जे पी नेता मौजूद रहे। बी जे पी के संकल्प पत्र में कुल 20 संकल्पों का जिक्र है।

इसके अलावा उन्होंने 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करने, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास देने और हर घर गृहणी योजना के तहत 500 रुपए में सिलेंडर देने का वायदा किया।अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली प्रत्येक छात्रा को स्कूटर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाकर आधुनिक कौशल भी प्रदान किया जाएगा।श्री नड्डा ने चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से ₹5 लाख तक का मुफ्त इलाज देने का वादा भी किया।

संकल्प पत्र में हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी भी दी गई है।इसके अलावा बी जे पी के संकल्पों में हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी बनाना , महंगाई भत्ते और पेंशन को जोड़ने वाले वैज्ञानिक फार्मूले . के साथ सभी सामाजिक पेंशन में मासिक वृद्धि, भारत सरकार के सहयोग से कुंडली

मानेसर पलवल ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण एवं नई वंदे भारत रेल गाड़ियों की शुरुआत शामिल है ।संकल्प पत्र में केंद्र सरकार के सहयोग से फरीदाबाद से गुरुग्राम के बीच इंटरसिटी एक्सप्रेस मेट्रो सेवा की शुरुआत का वादा भी किया गया है। दक्षिण हरियाणा में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली जंगल सफारी पार्क बननने का वादा भी किया गया।श्री नड्डा ने 36 बिरादरियों के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड की स्थापना करने, भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जातियों के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति देने की और अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी उद्यमियों की मुद्रा योजना के अतिरिक्त 25 लाख रुपये तक के ऋण की गारंटी हरियाणा राज्य सरकार द्वारा उठाने की घोषणा भी की।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने सभी राजनीतिक दलों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से आग्रह किया है कि वे घोषणा पत्र जारी करने के तीन दिनों के अंदर-अंदर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में चुनाव घोषणा पत्र की हिंदी व अंग्रेजी की तीन-तीन प्रतियां जमा करवाना सुनिश्चित करें।श्री अग्रवाल ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुसार चुनाव घोषणा पत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और वादों की विश्वसनीयता के हित में, यह अपेक्षा की जाती है कि घोषणापत्र वादों के औचित्य को भी प्रतिबिंबित करें और मुख्य रूप से इसके लिए वित्तीय उपायों को रेखांकित करे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं का विश्वास केवल उन वादों पर मांगा जाना चाहिए जिनका पूरा होना संभव हो।

केन्द्र सरकार कृषि अनुसंधान और तकनीक पर अगले महीने से कृषि चौपाल नाम से रेडियो और टीवी कार्यक्रम शुरू करेगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि अनुसंधान और तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराना है।कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में कृषि मंत्रालय की 100 दिनों की उपलब्धियां बताते हुए इस कार्यक्रम की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि किसानों से सीधे जुड़कर वैज्ञानिक उनकी

समस्याओं का समाधान करेंगे।यह कार्यक्रम किसानों के साथ अत्याधुनिक अनुसंधान निष्कर्षों को साझा करने, उन्हें नई तकनीकों, फसल किस्मों और कीट प्रबंधन से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

पंचकूला जिले में 147 बुजुर्गों एवं दिव्यांगों ने घर से ही मतदान का विकल्प चुना है। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. यश गर्ग ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा तय टीम उनके घर से ही वोट प्राप्त करेगी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई जाएगी।श्री गर्ग ने बताया कि कालका हलके से 26 दिव्यांग और 25 बुजुर्ग पंचकूला से आठ दिव्यांग और 25 बुजुर्ग मतदाताओं ने घर से मतदान के लिए फार्म 12 D भरा है। इनमें गांव बरवाला निवासी 109 वर्षीय राजो, गांव असरेवाली निवासी 100 वर्षीय छज्जू, गांव घोलपुरा से 104 वर्षीय शांति, गांव बोझटीपरा से 102 वर्षीय द्रोपदी और गांव समलेहरी निवासी 103 वर्षीय बचनी देवी शामिल हैं।

हरियाणा में चुनाव प्रचार और तेज़ हो गया है।आज अंबाला शहर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी असीम गोयल ने गांव लखनौर साहिब में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। श्री गोयल ने हाल ही में कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा पर उन्हीं की पार्टी के लोगों द्वारा अभद्र टिप्पणी करने का ज़िक्र भी किया और कहा की कांग्रेस के लोग जातिवाद का ज़हर फ़ैला रहे हैं।उन्होंने गांव बेगो माजरा, बहबलपुर, लदाना और मोखा माजरा में भी जनसभाओं को संबोधित किया।आज़ाद समाज पार्टी के प्रमुख सांसद चंद्र शेखर आज़ाद और जननायक जनता पार्टी के नेता दुष्यंत चौटाला ने जींद ज़िले के लिजवाना सहित विभिन्न गांवों में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को निशाने पर लिया और दावा किया कि उन्हें किसान और कमेरे वर्ग का समर्थन मिल रहा है।कैथल से कांग्रेस प्रत्याशी आदित्य सुरजेवाला ने आज गांव पट्टी अफगान, कुलतारण, भैणी माजरा, ड्योढखेड़ी, देवीगढ़, ऋषि नगर नेहरू गार्डन, शोरगिर बस्ती, शिवपुरी व मायापुरी कॉलोनी और हरसोला बस्ती में जनसभाएं की।